राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र ने राजस्थान की संस्कृति और समृद्ध विरासत के प्रसार के लिए कार्य करने का किया आह्वान

'फेमिना मिस इंडिया की फर्स्ट रनर अप 2022' रूबल शेखावत ने की राज्यपाल से मुलाकात

जयपुर, 18 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को यहां राजभवन में 'फेमिना मिस इंडिया की फर्स्ट रनर अप 2022' रही राजस्थान की रूबल शेखावत ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने सुश्री शेखावत को राजस्थान का नाम देशभर में रोशन करने के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और विरासत के प्रसार के लिए कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लड़कियां देश का भविष्य हैं। उन्हें यदि अवसर मिले तो वे हर क्षेत्र में ऐसे ही शानदार प्रदर्शन कर देश और समाज को गौरवान्वित कर सकती हैं।

श्री मिश्र से मुलाकात के दौरान रूबल शेखावत ने फेमिना मिस इंडिया की फर्स्ट रनर अप रहने के अपने अनुभवों के बारे में विस्तार से बताया। उसने बताया कि चूंकि उनके पिता सेना में रहे हैं, इसलिए आरम्भ से ही अनुशासन में रहते कार्य करने के प्रति वह प्रतिबद्ध रही है। उसने कहा कि जो आप सोचते हैं, वही बन जाते हैं। इस सबंध में उसने अपने द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने और अपनी जीत, परिवार और भविष्य के बारे में बताते हुए राजस्थान की संस्कृति, कलाओं और समृद्ध विरासत के प्रसार के लिए भी कार्य करने की इच्छा जताई।

————